टीम मेंबर बोले- विश्वस्तरीय टेक्नोलॉजी समझने का मौका मिला

गूगल एड ग्रांट्स ऑनलाइन मार्केटिंग चैलेंज में टॉप मार्केटर्स के रूप में आईआईएम रांची टीम चयनित

सिटी रिपोर्टर | रांची

गूगल की ओर से गूगल एड ग्रांट्स ऑनलाइन मार्केटिंग चैलेंज आयोजित किया गया था। इसमें आईआईएम रांची की टीम पलिंड्रोम को टॉप मार्केटर्स के रूप में चुना गया है। आईआईएम रांची से टीम पलिंड्रोम ने इसमें भाग लिया था, जिसमें न्यूजीलैंड स्थित बर्थिंगबेटर नामक गैर-लाभकारी संगठन के लिए गूगल एडवर्ड्स से सोशल मीडिया अभियान चलाने के लिए 4 सप्ताह की चुनौती दी गई थी। आईआईएम रांची के पलिंड्रोम में 5 स्टूडेंट्स की टीम थी। इसमें वैभव गौतम, विनीत कुमार, राहुल सिन्हा, सयाली किंगानकर और प्रांजल पांडे शामिल थे। सभी द्वितीय वर्ष के स्टूडेंट्स हैं। इसमें टीम लीडर की भूमिका वैभव गौतम ने निभाई। इस चैलेंज के लिए टीम ने अभियान को 4 चरणों में विभाजित किया: जागरूकता, रुचि, इच्छा और कार्रवाई। प्रत्येक चरण को 5 अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के लिए चलाया गया था। इसमें उन्होंने बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव के लिए न्यूजीलैंड स्थित गैर-लाभकारी संगठन की वेबसाइट को भी संशोधित किया। इस चैलेंज के समापन के बाद टीम को विश्व भर से जुटे हजारों प्रतियोगियों में से चुनिंदा टीमों में एक इन्हें भी टॉप मार्केटर्स टीम के रूप में चुना गया है। ग्रुप के सदस्य विनीत कुमार ने बताया कि यह काफी रोचक एवं ज्ञानवर्धक अनुभव रहा। गूगल एड एडवर्ड्स का उपयोग करके डिजिटल मार्केटिंग किस तरह व्यापार बढ़ाने में कारगर हो सकती है, इसे समझने का मौका मिला। यह एक ग्लोबल चैलेंज था, इसलिए विश्वस्तरीय टेक्नोलॉजी को समझने मौका मिला।

पलिंड्रोम टीम में शामिल वैभव गौतम, विनीत, राहुल सिन्हा, सयाली किंगानकर और प्रांजल पांडे।

Dainik Bhaskar, 25.06.2019, Pg. 01